हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 7 सितंबर 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 महिलाएं निराहार निर्जल उपवास कर शिवजी की आराधना में ...


10 बिजली मीटर जला तो शहरों में 24 घंटे और गांवों में 72 ...


श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-08/09/24

# लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए एसपी ने ली अफसरों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

एसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना व चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली। अपराध नियंत्रण एवं लघु अधिनियम प्रकरणों पर ध्यान देने निर्देश दिये। लंबित अपराधों, मर्ग, गुम इंसान, लंबित शिकायतों का शीघ्र निकाल करने को भी कहा।

उन्होंने अवैध शराब बिक्री, अवैध मादक पदार्थ गांजा, जुआ, सट्टा एवं अन्य नशीली दवाओं पर सख्त कार्यवाही करने के भी कड़े निर्देश दिये। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक बेमेतरा साहू ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा के मीटिंग हाल में बैठक ली, जिसमें लंबित अपराधों, मर्ग, गुम इंसान, लंबित शिकायतों का शीघ्र निकाल करने, धारा 170, 126,135 (3), बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने, पेंशनदारान, 173 (8) के तहत आबकारी एक्ट के प्रकरण में फरार आरोपी एवं 299 के फरार आरोपियों को भी तस्दीक करने, लघु अधिनियम, जिला बदर एवं बाउंड ओवर की कार्यवाही करने, लंबित संमस, लंबित वारंट व ऑपरेशन ईगल अभियान चलाकर स्थायी वारंट की तामिली किये जाने, ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम, अपहृत (बालक व बालिका) को बरामद करने तथा अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक एवं माइनर एक्ट की कार्यवाही करने ▶▶ शेष पेज 11 पर

## पुलिसिंग को मजबूत बनाने के लिए दिए निर्देश



### छात्रों को किया जाएगा जागरूक

समस्त राजपत्रित अधिकारियों को सोशल मीडिया पर सतत निगाह रखने, ऑनलाईन फायनेंसियल फ्राड, साइबर क्राईम, सोशल मीडिया के माध्यम से हो रहे अपराधों के संबंध में आम जनता को जागरूक करने तथा सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत हमर पुलिस हमर बजार अभियान के माध्यम से हॉट व बजारों व ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चो को जागरूक किए जाने तथा कार्यवाही में किसी भी प्रकार की कोई कोताही नही बरतने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, डीएसपी कौशिल्या साहू, एवं थाना व चौकी प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, उप निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी, मयंक मिश्रा, अलील चंद, राकेश कुमार साहू, राजकुमार साहू, डिग्रीलाल सोना, भुनेश्वर यादव, ओंकार साहू आदि उपस्थित रहे।

पहल

**किसानों की मांग पर तांदुला जल संसाधन दुर्ग ने की पहल**

# बेरला ब्लॉक के लिए छोड़ा गया तांदुला से 417 क्यूसेक पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

तांदुला जल संसाधन दुर्ग अधीनस्थ जिले के बेरला ब्लाक एवं भिम्भौरी क्षेत्र में वर्षा के अभाव में किसानी एवं सिंचाई कार्य की स्थिति गंभीर हो चुकी थी। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं किसानों की मांग पर तांदुला के मुख्य नहर केनाल से पानी छोड़ा गया। जिससे इन दिनों बरसाती पानी की कमी से प्रभावित इलाके पानी की उपलब्धता भरपूर हो रही है।

उल्लेखनीय है कि बेरला क्षेत्र में खरीफ सीजन होने के कारण धान एवं अन्य फसल उगाई जा रही है, जिसके लिए भरपूर पानी की जरूरत होती है। चूंकि यहां खेती कार्य बरसात पर भी आश्रित होने से कभी-कभार सीजन में वर्षा का क्रम गड़बड़ा जाने पर पानी की आपूर्ति एवं उपलब्धता पर व्यापक असर पड़ता है। जिसकी भरपाई नहरों के माध्यम से की जाती है। चूंकि बेरला क्षेत्र में भी इन दिनों बरसात कम होने से पानी को लेकर किल्लत हो रही थी, तो इसके समाधान के लिए तांदुला जलसंसाधन संभाग दुर्ग ने करीब 417 क्यूसेक पानी नहरों के माध्यम से क्षेत्र के लिए छोड़ा है, लिहाजा खेतों को पानी की कमी नहीं होगी एवं फसलों के लिए पर्याप्त आपूर्ति होगी। दरअसल बेमेतरा जिला के बेरला विकासखण्ड का सिंचाई क्षेत्र दुर्ग शिवनाथ मण्डल के अंतर्गत तांदुला दुर्ग एवं बेमेतरा जलसंसाधन के अंतर्गत आता है, जो साजा अनुविभाग व बेमेतरा के अल्पांश एरिया के साथ बेरला ब्लॉक का बड़ा हिस्सा खर्रा, सोढ़ एवं गोढ़ी वितरण शाखा नहर के माध्यम से सिंचाई होती है। ज्ञात हो, कि कृषि प्रधान एवं कृषि संपन्न बेमेतरा जिला में खरीफ एवं रबी फसल फिलहाल बारिश के पानी पर आश्रित होती है वही बरसात के अभाव में पानी की कमी होने पर तांदुला मुख्य नहर के डिस्ट्रीब्यूशन ब्रांच के नहरो का सहारा लिया जाता है। जिससे क्षेत्र में कृषि आधारित कार्य पूरा किया जाता है।



### सहगाँव उद्वहन योजना के प्रस्ताव की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने का इंतजार

फिलहाल तांदुला दुर्ग संभाग द्वारा इस क्षेत्र में पानी की निर्भरता को निकट भविष्य बालोद की तांदुला के बजाए धमधा ब्लॉक के सहगाँव स्थित शिवनाथ नदी से नहर के माध्यम से आपूर्ति की प्रयास की जा रही है। जिसके लिए तांदुला के एसडीओ-आर के सोनी द्वारा बकायदा योजना अनुरूप प्रस्ताव को महानदी कछार(बेसिन) मुख्य अभियंता कार्यालय तक भेज दी गयी है जल्द ही इसकी प्रशासनिक स्वीकृति मिलने पर बेरला इलाके में तांदुला की बजाए सहगांव समीप शिवनाथ से वैकल्पिक रूप से पर्याप्त पानी मिलनी सम्भव हो पाएग, जो क्षेत्र में खरीफ एवं रबी की फसलों के लिए काफी सुगम एवं कारगर साबित होगी।

### छोड़ दिया गया है पानी

बेरला क्षेत्र में किसानों द्वारा पानी की मांग करने पर तत्काल विभाग द्वारा पानी छोड़ दिया गया है एवं आंनदगांव में नहरों के ब्लॉकेज को हटाकर अवरोधमुक्त पानी दिया जा रहा है।

- **आरके सोनी,** एसडीओ-तांदुला जलसंसाधन दुर्ग

# राज्यपाल से व्याख्याता भुवन हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

राजभवन के दरबार हाल में 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में बेरला विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल लावातरा में सेवारत व्याख्याता भुवन लाल साहू राज्यपाल रमेन डेका के हाथों सम्मानित हुए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित अन्य मंत्री उपस्थित थे। यह पुरस्कार उन्हें विद्यालय एवं विद्यार्थियों के प्रति समर्पण भाव, शैक्षिक नवाचार, बोर्ड कक्षाओं में इनके अध्यापन विषय का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में किए गए सराहनीय कार्य, कोरोना काल में विद्यार्थियों की शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़े रखने के लिए किए गए उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय कार्य, निर्धन छात्र सहायता, बालिका शिक्षा प्रोत्साहन, प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु वातावरण निर्माण एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अन्य उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया।

- विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किया सराहनीय कार्य

## खबर संक्षेप

### स्वयंभू गणेश मंदिर में आज से होंगे विशेष धार्मिक आयोजन

**बालोद।** नगर में स्थित वार्ड नंबर 8 मरारपारा में स्वयंभू गणेश मंदिर में भादो मास के शुक्ल पक्ष चतुर्थी से विशेष धार्मिक आयोजन होंगे।



गणेश मंदिर में नगर सहित दूर दूर से भक्त यहां अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं। भादो मास के पूरे 11 दिन उत्साह एवं उमंग के साथ प्रत्येक दिन संध्या 7:30 बजे महाआरती होती है। 11 दिन के प्रथम बुधवार को छप्पन भोग का महाआयोजन होता है, जिसमें भक्तों की विशेष श्रद्धा उमड़ती है। अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान गणेश का हवन पूजन पश्चात अन्ना कूट महाभंडारा किया जाता है। जिसमें भक्तों को प्रसादी वितरण किया जाता है। उसी दिन भक्तिभाव के साथ शोभायात्र निकाल जाती है। जिसमें मौर्य मंडल के सदस्य एवं महिला मोरिया मंडल की बहने व बालोद नगर के भक्तों के साथ मिलकर नगर भ्रमण करते हुए स्थापित गणेश को विसर्जित करने जाते हैं।

### मूर्तिकार वामन ने बनाई गणपति की 150 मूर्तियां



**डौडीलोहारा।** शनिवार से गणेश पूजा का पावन पर्व मनाया जाएगा । चौक- चौराहों व घरों में गणपति बप्पा आज विराजेंगे। वहीं वनांचल के ग्राम कमकापार निवासी मूर्तिकार वामन कुमार/परदेशी राम कुंभकार द्वारा विगत कई वर्षों से मिट्टी व सीमेंट से बनी मूर्तियां विभिन्न पर्वों के हिसाब से जिसमें श्रीकृष्ण ,गणेश, दुर्गा , सरस्वती, विश्वकर्मा बनाते आ रहे हैं। इस वर्ष भी लगभग 150 गणेश की मूर्तियां तैयार किये हैं। जिसे कमकापार से लेकर मंगचुवा के आसपास लगभग पैंतीस से चालीस ग्रामों में स्थापित किया जाएगा। ग्रामीण अंचल के ऐसे कलाकारों को शासन की ओर से कुछ प्रोत्साहन मिले तो वे अपनी कला को गांव से आगे जिले व राज्य स्तर तक ले जाने में सक्षम होंगे।

### शदाणी कालेज में 14 तक चलेगा पीजीडीसीए में प्रवेश

**डौंडीलोहारा।** स्थानीय संत राजाराम शदाणी नागरिक महाविद्यालय में इस वर्ष से पीजीडीसीए कोर्स प्रारम्भ किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार महाविद्यालय में एमए भूगोल विषयो के साथ आगामी 14 सितंबर तक इस वर्ष पीजीडीसीए कोर्स में विषय में प्रवेश लिया जा रहा है। महाविद्यालय में इस वर्ष पीजीडीसीए कोर्स सीमित सीटों के साथ प्रारम्भ किया गया है।

# नेशनल लोक अदालत के लिए हुई बैठक



**बेमेतरा।** 21 सितम्बर नेशनल लोक अदालत के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु बृजेंद्र कुमार शास्त्री प्रधान जिला न्यायाधीश और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग से अधिक से अधिक प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के लिए उनके समय सीमा पर प्रस्तुतिकरण पंजीयन एवं नोटिस तामिली पर चर्चा की गई। अधिकारीगण से प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के पक्षकारों पर नोटिस की तामिली एवं उनके साथ सौहाद्रपूर्ण रूप से राजीनामा करने पर चर्चा की गई। बैठक में जिला बेमेतरा के अन्तर्गत स्थित समस्त बैंक के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।



# आज विराजेंगे विघ्नहर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा।

7 सितंबर से शुरू होने जा रहे गणेश पर्व को लेकर तैयारियां पूरी हो गई है। शहर सहित अंचल गणेश पर्व को लेकर सड़कों में छोटे-बड़े पंडाल दिखने लगे है। करीबन पूरे जिले व शहर में डेढ़ हजार पंडाल लगाए गए हैं। पर्व को खास बनाने के लिए आकर्षक लाइटिंग की भी सजावट समितियों द्वारा की गई है। इसके साथ ही पूजन सामग्री की दुकानें भी सज गई है। घरों में स्थापित करने के लिए छोटे आकार मूर्तियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

बता दें कि भाद्रपद माह चतुर्थी तिथि को गणेश चतुर्थी बन जाती है। वहीं इसका समापन अनंत चतुर्दशी के दिन पेश विसर्जन साथ होगा। इस दस दिनों महोत्सव को लेकर गणपति के भक्तों ने पूरे उलवह और मनोयोग से तैयारी कर चुके हैं।

**बीटीआई मैदान में पूरा पंडाल तिरंगे से सजा:** शहर स्थित बीटीआई मैदान में इस बार अलग हट कर पंडाल की बनावट की गई है। पूरा पंडाल तिरंगे से जहां सजाया जा रहा है वही आकर्षण दिखाने के लिए चारों तरफ देश के गौरव और शौर्य का प्रदर्शन के रूप में बेहद खूबसूरती से सैनिकों के सज्जों सामान का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके अलावा समिति ने भजन से लेकर छत्तीसगढ़ी कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसमें सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गायिका स्वर्णा दिवाकर एवं गरिमा दिवाकर व भजन गायक विवेक शर्मा अपनी प्रस्तुति देंगे।

- छोटे-बड़े पंडालों से सजा शहर, चमकती रोशनी में डूबेगी अंचल

### सजने लगे पंडाल, 11 दिन रहेगी रौनक

शनिवार को बेमेतरा जिले के तमाम इलाकों की तरह मुख्यालय में भी गणपति बप्पा मोरया के जयघोष के बीच गणेश महोत्सव शुरू होगा। इस सिलसिले में विभिन्न धार्मिक संगठनों एवं आम श्रद्धालुओं ने पूरी तैयारी कर ली है। बहुत से संगठनों एवं श्रद्धालुओं ने शुक्रवार को ही गणेश जी की मूर्ति खरीद ली, जबकि अनेक संगठन और श्रद्धालु शनिवार की सुबह गणेश जी की मूर्ति लेकर आएंगे। धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी पंडाल सजाने में लगे रहे और उन्होंने पंडालों को भव्य रूप दिया है। उन्होंने पंडालों में श्रद्धालुओं की सुविधा और पूजा अर्चना करने की पूरी व्यवस्था की है, जबकि आम लोग अपने घरों में गणेश जी मूर्ति स्थापित करने की तैयारी में जुटे रहे।

## आज होगा गणपति का आगमन, सजे पंडाल

# पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला उपवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

पति के दीर्घायु व रक्षा के लिए सुहागिन महिलाओं ने शुक्रवार को दिनभर हरतालिका तीज व्रत पर निर्जला उपवास रखा। यह व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति के लंबी उम्र के लिए करती है। पंडित श्रीकांत शर्मा ने बताया कि तीज पर्व भाद्रपद (भादो) महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया गया। महिलाएं इस दिन निर्जला उपवास रखकर शिव-पर्वती की मिट्टी की प्रतिमा बनाकर पूजा की गई और पति के दीर्घायु होने की कामना की गई। धार्मिक ग्रंथों के मुताबिक इस पर्व की परंपरा त्रेतायुग से है। इस पर्व के दिन जो सुहागिन स्त्री अपने अखंड सौभाग्य और पति और पुत्र के कल्याण के लिए निर्जला व्रत रखती है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। बताते हैं कि धार्मिक मान्यता है कि पार्वती की तपस्या से खुश होकर भगवान शिव ने तीज के ही दिन पार्वती को अपनी पत्नी स्वीकार किया था। शहर के शमी गणेश मंदिर, महामाया मन्दिर, राम मंदिर, लखनी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में महिलाओं ने पूजा अर्चना कर कथा श्रवण किया।



### मूर्तिकारों ने दिया गणेश प्रतिमा को अंतिम आकार

शनिवार को गणेश चतुर्थी के चलते मूर्तिकार गणेश प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। नगर में दर्जनों स्थानों पर पंडालों में गणपति की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। मालूम हो कि गणेश चतुर्थी पर्व पर नगर में जगह-जगह पंडाल लगाकर गणपति की पूजा- अर्चना की जाती है। इसके चलते क्षेत्र में इन दिनों मूर्तिकार गणेश प्रतिमा को आकार देने में लगे हैं। नवागढ़ के मूर्तिकार तिलक कुंभकार ने कहा कि यहां हमारे द्वारा पिछले कई वर्षों से गणेश की प्रतिमा बनाई जा रही है। इस कार्य में घर के सभी सदस्यों का सहयोग रहता है। इसके अलावा अन्य सभी त्यौहार में भी मिट्टी से संबंधित मूर्ति व अन्य सामग्री बनायी जाती हैं। मूर्तिकार का कहना हैं कि लोग बाहर से आकर प्लास्टर ऑफ पेरिस का प्रतिमा बेचते हैं तो हमें नुकसान उठाना पड़ता हैं, क्योंकि उनकी मूर्ति सस्ती रहती है। वहीं सही मायनों में मिट्टी से बने मूर्तियों का ही पूजा करनी चाहिए।


जिसे बाद में पानी में विसर्जित किया जा सके। इससे जल प्रदूषित भी नहीं होता है। गणेश चतुर्थी पर सुकुलपारा, नलटंकी,ठाकुर देव, मुख्य चौक, बस स्टैंड, बावली पारा, शंकरनगर, बावा पारा, मंडी पारा, दर्री पारा, मिश्रा पारा, बीच पारा सहित अन्य स्थानों पर गणेश पंडाल सजाए जाएंगे।

# शराब का अवैध कारोबार जोरों पर शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

**गुण्डरदेही।** स्थानीय प्रशासन के उदासीनता के कारण नगर के चैनगंज रेलवे फाटक के पास स्थित एक मकान में अवैध शराब का धंधा जोरों से चल रहा है। नागरिकों का कहना है कि यहां सुबह से लेकर देर रात तक आसानी से अवैध शराब मिलने मिल जाती है। शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई नहीं होती है। अवैध शराब की बिक्री से युवा पीढ़ी नशे का शिकार हो रही है। ग्रामीणो ने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही है।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### खट्टर से मिले बृजमोहन

**रायपुर।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को केंद्रीय आवास और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से सौजन्य भेंट की और छत्तीसगढ़ को 8 लाख 46 हजार 931 नए पीएम आवास की स्वीकृति प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान राजनीतिक एवं सामाजिक विषयों के साथ छत्तीसगढ़ के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा भी की।

### महिला मोर्चा के तीजा तिहार में कई महिलाओं ने ली भाजपा की सदस्यता



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के तत्वावधान में गुरुवार को राजधानी के वृंदावन हाल में तीजा तिहार (तीज महोत्सव) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा की राष्ट्रीय सचिव, महिला मोर्चा की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सदस्यता अभियान की प्रदेश प्रभारी विजया राहटकर विशेष रूप से उपस्थित थीं। सुश्री राहटकर ने कहा, प्रदेश की मातृ-शक्ति ने भाजपा पर भरोसा करते हुए प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनाई है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही प्रदेश की विष्णु देव सरकार ने महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित करके महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया है। सुश्री राहटकर ने तीजा महोत्सव कार्यक्रम में आई महिलाओं को 8800002024 नंबर पर मिस्ड कॉल करवाकर उन्हें भाजपा का सदस्य बनाया। कार्यक्रम में महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं भी काफी संख्या में उपस्थित रहीं। प्रदेश भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास्तव, सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव, सांसद रूपकुमारी चौधरी, अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, चन्नी वर्मा, शहर जिला भाजपा महामंत्री सत्यम दुवा, अमर बंसल, अकबर अली, विभा राव आदि कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### स्कूली बच्चों के साथ दुर्व्यवहार, राजनांदगांव डीईओ हटाए गए

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग ने राजनांदगांव के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल को स्कूली बच्चों के साथ दुर्व्यवहार के आरोपों के कारण तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित कर दिया है। उन्हें नवा रायपुर के इन्द्रावती भवन स्थित लोक शिक्षण संचालनालय में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ किया गया है। साथ ही, राजनांदगांव के सहायक संचालक आदित्य खरे को जिला शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वे अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ यह नई जिम्मेदारी भी संभालेंगे। इस आशय का आदेश स्कूल शिक्षा विभाग महानदी भवन मंत्रालय नवा रायपुर से जारी कर दिया गया है।

### लोधी समाज का परिचय सम्मेलन 24 नवंबर को

रायपुर। लोधेशवरधाम में लोधी क्षत्रिय समाज चंगोराभाठा द्वारा 24 नवंबर को दीपावली मिलन समारोह, युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही वार्षिक सम्मेलन एवं स्मारिका विमोचन समारोह आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय लोधी-लोधा-लोध राष्ट्रीय महासभा नई दिल्ली भारत के नेतृत्व में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय पदाधिकारी अधिकाधिक संख्या में शामिल होंगे। इस अवसर पर अंचल के अलावा महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, झारखंड, विदर्भ, राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, तेलगांना, गोवा एवं हरियाणा आदि राज्यों से पदाधिकारी शामिल होंगे।

# बिजली मीटर जला तो शहरों में 24 घंटे और गांवों में 72 घंटे में बदला जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में बिजली उपभोक्ताओं को मीटर जलने के मामलों में अब परेशान होने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अगर किसी के घर या संस्थान के मीटर में कोई गड़बड़ी आती है, जल जाता है या चोरी हो जाता है और इसके लिए उपभोक्ता जिम्मेदार नहीं हो, तो ऐसे मीटर को बिना शुल्क बदला जाएगा। जले हुए मीटर के मामले में शहरी क्षेत्र में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 72 घंटे में मीटर बदलने का प्रावधान किया गया है।

दरअसल छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत अधिनियम में बदलाव करते हुए नए नियम बनाए हैं। इसे विद्युत वितरण और निष्पादन संबंधी मानक के रुप में संशोधित किया गया है। मीटर के संबंध में अगर शिकायत मिलती है कि उसमें गड़बड़ी है, काम नहीं कर रहा है, बंद है या धीमा चल रहा है, तो ऐसे मामले की शिकायत मिलने के बाद मीटर की जांच की जाएगी। शहरी क्षेत्रों में यह काम चार से 7 दिनों में और ग्रामीण 12 दिनों के भीतर यह काम किया जाएगा। मीटर की खराबी पता चलने पर उसे वितरण लायसेंसी द्वारा बदला जाएगा। ए श्रेणी के शहर और नगरीय क्षेत्रों मीटर बदलने का काम 24 घंटे और और ग्रामीण क्षेत्रों में 72 घंटे में किया जाएगा। यदि मीटर में गड़बड़ी पाई जाती है, जला या चोरी हुआ पाया जाता है और इसा जिम्मेदार ग्राहक नहीं है तो लायसेंसी आयोग द्वारा तय समय सीमा में अपनी लागत पर नया

### भूमिगत केबल को 12 से 72 घंटे में सुधारा जाएगा



### तो उपभोक्ता से होगी वसूली

इसी संबंध में एक नियम ये भी है कि यदि जांच में पाया जाता है कि उपभोक्ता के जिम्मेदार कारणों से मीटर खराब हो गया या जल गया, या चोरी हो गया तो मीटर की कीमत उपभोक्ता से वसूल की जाएगी। विद्युत नियामक आयोग के नियम के हिसाब से अगर उपभोक्ता को सेवा देने में कमी हुई तो इसके बदले उपभोक्ता को प्रतिकर (मुआवजा) भी मिलेगा। इसी क्रम में भूमिगत केबल में ब्रेक डाउन होने पर ए संवर्ग के शहरों में 12 घंटे और नगरीय क्षेत्रों में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्र में 2 दिनों में सुधार होना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो हर एक दिन की देरी के लिए उपभोक्ता को 500 रुपए प्रतिकर दिया जाएगा।


## पुरानी बस्ती थाने की पुलिस महिलाओं की शिकायत पर अपराध दर्ज कर जांच में जुटी

# बीएसयूपी, ईडब्लूएस मकान में रहने वाली महिलाओं के अकाउंट में करोड़ों रुपए का संदिग्ध ट्रांजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पुरानी बस्ती तथा सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में महिलाओं को रोजगार दिलाने का झांसा देकर उनके आईडी प्रूफ से बैंक में सैकड़ों की संख्या में अकाउंट खुलवाकर 15 करोड़ रुपए से ज्यादा का संदिग्ध ट्रांजेक्शन करने का मामला सामने आया है। पुरानी बस्ती पुलिस ने महिलाओं की शिकायत पर कथित तौर पर नारी संगठन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। ऐसी ही एक शिकायत सिविल लाइंस थाना में भी सामने आई है। पुलिस ने शोभा ठाकुर के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 के तहत अपराध दर्ज की है।

पुलिस के मुताबिक बीएसयूपी कालोनी निवासी कोमल संेद्रे तथा अन्य महिलाओं की शिकायत पर शोभा ठाकुर के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज की गई है। कोमल तथा अन्य महिलाओं ने पुलिस को बताया है कि शोभा ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर इंडिया हेल्प पाइंट डॉट कॉम, नारी शक्ति संगठन नाम से संस्था बनाकर उन्हें अपनी संस्था में जोड़ा। संस्था में जोड़ने के बाद महिलाओं से सदस्यता शुल्क लेकर रोजगार देने का झांसा दिया।



इंडिया हेल्प पॉइंट डॉट कॉम
और "नारी शक्ति संगठन" की उद्देश्य !

प्रो- वीरेंद्र रावत Mob- 9329198198

"फ्री में" सभी को रोटी, कपड़ा, मकान और 100% कर्ज से मुक्ति करवाना और लोकल प्रोडक्ट, छोटे बड़े दुकानदार को बढ़ावा देने के साथ स्वरोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवार को सुखमय रखना और बच्चे को संस्कार देने हेतु आप सभी को आमंत्रित है ! कृपया रसीद के फोटो कॉपी और इस फॉर्म को जमा करने की कष्ट करें नियम व शर्तें जानकारी के लिए वेबसाइट INDIAHELPPOINT.COM पर विजिट करके कस्टमर केयर में कॉल करें :- 9329198198/ H.O - कबीर नगर क्रोमा बिल्डिंग / पेट्रोल पंप के गली पर, भटगांव, रायपुर, छत्तीसगढ़

तारीख ....../....../........ फार्म क्रमांक नंबर :-

नाम :- ........ M/F- ......
पति / पिता का नाम :- ........ फोटो
जन्म तारीख :- ........ आयु :- ........ शिक्षागत योग्यता :- ........
पता :- ........
जिला :- ........ राज्य :- ........ मोबाइल नंबर :- ........
परिवार की संख्या :- ........ M:- ........ F:- ........ आपकी लोन कितना है :- ........
आपकी रोजगार कितना है ........ लोन लिए हुए बैंक की डिटेल फार्म के पीछे नोट करें, आप क्या करना चाहते हैं जॉब या बिजनेस ........

मैं INDIAHELPPOINT.COM के माध्यम से नारी शक्ति संगठन का सदस्य - बनना चाहती हूं / चाहता हूं संगठन के संविधान, नियम, उद्देश्य को पढ़कर मेरे योग्यता अनुसार नारी शक्ति को शक्तिशाली बनाने के लिए तन, मन, धन और जन के साथ में और मेरे परिवार / मित्र वचन देते हैं कि किसी भी कीमत पर हम इस INDIAHELPPOINT.COM और नारी शक्ति संगठन को गिरने या बदनाम होने नहीं देंगे, हम समस्त प्रकार की प्रोडक्ट या सर्विस यहीं से लेनदेन करेंगे ! किसी प्रकार के पेमेंट एडवांस या उधारी लेनदेन नहीं करेंगे, मैं इस बात का वचन देता / देता हूं कि मैं केवल इस संस्था का सदस्य रहूंगी / रहूंगा !
इंटरव्यू में पास होने पर ही सभी सुविधा मिलेगी आवेदक का हस्ताक्षर:- ........
ऑफिस उपयोग के लिए ऑनलाइन ट्रांजैक्शन नंबर :- ........

### अकाउंट में पैसा आने का झांसा देकर खाता खुलवाया

महिलाओं के मुताबिक सदस्यता शुल्क लेने के बाद किसी तरह से रोजगार नहीं मिलने पर महिलाओं ने शोभा से संपर्क किया, तो उसने महिलाओं को अकाउंट खुलवाने के बाद रकम सीधे अकाउंट में जमा होने का झांसा दिया। इसके बाद शोभा ने महिलाओं की आईडी प्रूफ लेकर बैंक में अकाउंट खुलवाने के साथ उनके नाम से सिम कार्ड अलॉट कराया। अकाउंट खुलवाने के बाद बैंक पास बुक, एटीएम तथा सिम कार्ड शोभा ने अपने पास रख लिए।




### ट्रांजेक्शन किनके लिए अब तक स्पष्ट नहीं

शोभा ठाकुर ने जिन गरीब तबके की महिलाओं के नाम से बैंक में अकाउंट खुलवाए हैं, उन अकाउंट में करोड़ों रुपए का ट्रांजेक्शन शोभा ने किनके लिए किया, यह अब तक स्पष्ट नहीं है। पुलिस ट्रांजेक्शन को लेकर बैंक से डिटेल लेने के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### संस्था में तीन सौ से ज्यादा सदस्य

थाने में दर्ज शिकायत के मुताबिक शोभा ठाकुर ने महिलाओं के नाम पर कर्नाटका बैंक में अकाउंट खुलवाया है, जिसमें 15 करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन अब तक किया गया है। शोभा ठाकुर के रजिस्टर में तीन सौ से ज्यादा महिलाएं सदस्य हैं। थाने में अभी केवल 14 महिलाओं ने शिकायत दर्ज कराई है। मामले की सही तरीके से पड़ताल करने पर सैकड़ों महिलाओं के नाम पर अकाउंट खोले जाने की जानकारी पुलिस को मिल सकती है और बैंक में ट्रांजेक्शन का आंकड़ा बढ़ सकता है।

### किराए के अकाउंट से ट्रांजेक्शन

महादेव सट्टा एप तथा ऑनलाइन फ्रॉड की घटना में छत्तीसगढ़ के बैंक अकाउंट तथा सिम कार्ड के इस्तेमाल करने का मामला सामने आ चुका है। पुलिस को आशंका है कि शोभा ठाकुर ने महिलाओं को झांसे में लेकर उनके बैंक अकाउंट जालसाजी करने वाले या फिर महादेव सट्टा एप से जुड़े लोगों के लिए नहीं कर रही थी। पुलिस को शोभा के पास से सिम कार्ड तथा बैंक पास बुक बरामद नहीं हुआ है। इससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि शोभा ने जिन महिलाओं के नाम से बैंक अकाउंट खुलवाने के साथ सिम कार्ड इश्यू कराया है, वह किसी को बेच तो नहीं दिया।

### सिविल लाइंस में भी शिकायत दर्ज

एक अन्य मामले में संतोषी नगर निवासी शेख जलालुद्दीन उनकी पत्नी तथा एक अन्य महिला सोनिया अग्रवाल ने सोहेल नामक व्यक्ति के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शेख जलालुद्दी ने अनुसार सोहेल ने संतोषी नगर, संजय नगर तथा भाठागांव की सैकड़ों महिलाओं के नाम से सिविल लाइंस स्थित एयू बैंक में अकाउंट खुलवाया है। इनका आरोप है की सोहेल ने घर बैठे रोजगार दिलाने का झांसा देकर उनके नाम से अकाउंट खुलवाकर एटीएम तथा पास बुक अपने पास रख लिया है। जिन लोगों के नाम से सोहेल ने अकाउंट खुलवाया है उन लोगों के नाम से अब तक 40 लाख रुपए ट्रांजेक्शन किया है।

## सांसद रूप कुमारी का फूलो देवी से सवाल- क्या वे कांग्रेस कार्यालय में खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर





महासमुंद सांसद रूप कुमारी चौधरी ने महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलो देवी नेताम से सवाल किया है कि वह जरा अपने पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता और राधिका खेड़ा के साथ कांग्रेस कार्यालय में हुए अत्याचार के बाद क्या वह खुद को कांग्रेस कार्यालय में सुरक्षित महसूस करती हैं।

इसी के साथ रूप कुमारी ने कहा, महिला नेत्री फूलो देवी नेताम अपने राष्ट्रीय नेता जो लड़की हूं लड़ सकती का नारा देती हैं, उनके सचिव संदीप द्वारा दलित कांग्रेसी नेत्री अर्चना गौतम के बारे में प्रश्न उठाकर दिखाएं। फूलो देवी नेताम जरा अपने नेता शिव डहरिया से पूछें कि छत्तीसगढ़ में होने वाला अनाचार उन्हें छोटा क्यों दिखता था, तब जनता मानेगी कि सचमुच उन्हें महिला के खिलाफ होने वाले अत्याचारों की चिंता है। रूप कुमारी ने कहा, जिस प्रकार कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय प्रवक्ता को कांग्रेस के नेता ने कमरे में बंद कर दिया था व दुर्व्यवहार किया था, वह रो-रो कर अपने वरिष्ठ नेताओं से न्याय मांगती रहीं, पर उनकी किसी ने मदद नहीं की और आखिर में अपमानित होकर उन्हें पार्टी छोड़नी पड़ी। रूप कुमारी चौधरी ने कहा, फूली देवी अभी तक भूली तो नहीं होंगी कि रायपुर की सड़क पर एक अधेड़ गंडासा लेकर नाबालिग को घुमाता रहा। कोंडागांव में एक आदिवासी बालिका से सामूहिक अनाचार की घटना होती है, वह आत्महत्या कर लेती है उसके बाद भी कांग्रेस शासन में पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं करती। उसके बाद जब उसके पिता आत्महत्या का प्रयास करते हैं, तब एफआईआर दर्ज होती है।

### महिला कांग्रेस 10 को सीएम हाउस का करेगी घेराव

**रायपुर।** प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद फूलो देवी नेताम ने कहा, भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद प्रदेश में महिलाओं के साथ हो रहे अपराध और चरमराई कानून व्यवस्था के विरोध में महिला कांग्रेस 10 सितंबर को प्रदर्शन करेगी।

# उद्योग समागम में बोले मंत्री देवांगन- छत्तीसगढ़ में उद्योग स्थापित करने के लिए अनुकूल माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित 'उद्योग समागम' सम्मेलन में भाग लिया। यह कार्यक्रम केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें सभी राज्यों के उद्योग मंत्री और प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। इस सम्मेलन में देश भर के उद्योगपतियों, उद्यमियों और निवेशकों ने भाग लिया, जिसमें व्यापार, उद्योग और आर्थिक विकास से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस सम्मेलन में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ में उद्योग स्थापित करने के लिए अनुकूल माहौल है।

श्री देवांगन ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में निवेश की विशाल संभावनाओं और राज्य सरकार द्वारा व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। उन्होंने राज्य में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। साथ ही, उन्होंने निवेशकों को राज्य में आकर्षित करने के लिए बेहतर नीतियों और बुनियादी ढांचे के विकास पर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए कई विशेष योजनाएं और सुविधाएं प्रदान कर रही है, जिससे न केवल राज्य का आर्थिक विकास होगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### खनिज उत्पादन करने वाला प्रमुख राज्य

मंत्री श्री देवांगन ने कहा छत्तीसगढ़ निवेश के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थल के रूप में उभर रहा है। प्रदेश खनिज उत्पादन वाले प्रमुख राज्यों में शामिल है। यहां उद्योग स्थापित करने के लिए अनुकूल माहौल है। प्रदेश में नए उद्योगों को सर्वसुविधा उपलब्ध कराने के नई रणनीति बनाई गई है। उन्होंने कहा राज्य में निवेश बढ़ाने व उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए वित्तीय प्रोत्साहन व छूट भी दी जा रही है।

### व्यापारियों के लिए परेशानी नहीं

उद्योग मंत्री ने कहा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 की लांचिंग किया गया है, इससे नए उद्योग शुरू करने वाले व्यापारियों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके अलावा 1 नवंबर 2024 से प्रदेश की नई उद्योग नीति भी लागू हो जाएगी। नई नीति उद्यमियों के सहूलियत को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में तैयार किया जा रहा है। सम्मेलन के दौरान उपस्थित उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ में निवेश के प्रति गहरी रुचि दिखाई और राज्य में भविष्य में निवेश करने की संभावनाओं पर विचार किया। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के सचिव अंकित आनंद, इन्वेस्टमेंट कमिश्नर रितु सेन, सीएसआईडीसी के कार्यपालन

## मूणत ने कहा- भूपेश हिंदू भावनाओं को लगातार कर रहे आहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता, विधायक व पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा विल्व पत्र और भगवान शंकर को जल चढ़ाने की आस्था का सरेआम उपहास उड़ाने के लिए कड़ी आलोचना की है। श्री मूणत ने कहा, श्री बघेल हिंदू भावनाओं को लगातार आहत कर रहे हैं। उनके बयान से अब उनका और कांग्रेस का हिन्दू और सनातन विरोधी चरित्र बेनकाब हो गया है। श्री मूणत ने कहा, हिन्दू विरोधी मानसिकता श्री बघेल को अपने पिता से ही विरासत में मिली है। राजनीतिक लाभ बटोरने के लिए राम, सीता और माता कौशल्या के नाम पर पांच साल तक पाखंड का प्रदर्शन करते रहे श्री बघेल का हिन्दू व सनातन विरोधी असली राजनीतिक चरित्र जगजाहिर हो गया है, जिसकी पोषक कांग्रेस शुरू से रही है और अब कांग्रेस से जुड़े इंडी गठबंधन के नेता भी इसी भाषा में देश के बहुसंख्यक समाज की आस्था और भावनाओं का सरेआम उपहास उड़ाने का दुस्साहस कर रहे हैं। श्री बघेल के बयान से शिवभक्तों में भारी आक्रोश है। श्री मूणत ने एक कार्यक्रम के वायरल वीडियो, जिसमें श्री बघेल भगवान शंकर को अर्पित किए जाने वाले जल व विल्व पत्र चढ़ाने का उपहास उड़ाते देखे-सुने जा रहे हैं, का हवाला देकर कहा, श्री बघेल के पिता का पूरा जीवन हिन्दुओं के देवी-देवताओं और सनातन संस्कृति पर अनर्गल टिप्पणियां करने में बीत गया और मुख्यमंत्री रहते हुए भी श्री बघेल इन टिप्पणियों पर मौन साधे बैठे रहे। आज खुद भूपेश बघेल ने भगवान शंकर, जल व विल्व पत्र का खुलेआम मजाक उड़ाकर अपने डीएनए का परिचय दे दिया है। श्री मूणत ने कहा, यही हिन्दू और सनातन विरोधी डीएनए कांग्रेस व इंडी गठबंधन का भी गाहे-बगाहे सामने आता रहा है। श्री मूणत ने कहा, तुष्टिकरण का एजेंडा चलाकर श्री बघेल ने अपने शासनकाल में प्रदेश का वातावरण बिगाड़ने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी और अब अपने उसी एजेंडे पर खुलेआम सामने आ गए हैं, लेकिन प्रदेश की धर्मप्राण जनता ऐसी घिनौनी सोच को इतिहास के कूड़ेदान में डाल देगी, श्री बघेल को यह कभी नहीं भूलना चाहिए।

## ऑटोमोबाइल बाजार गणेशोत्सव पर 11 दिनों तक रहेगा गुलजार

**रायपुर।** गणेश चतुर्थी शनिवार को है। इस दिन से लेकर 11 दिनों तक लगातार ऑटोमोबाइल सेक्टर गुलजार रहेगा। गणेशोत्सव में 11 दिनों तक खरीदी को शुभ माना जाता है। ऐसे में इन दिनों में प्रदेशभर में 30 हजार से ज्यादा वाहन बिकने का अनुमान है। इस समय तो चारपहिया वाहनों का भी सभी के पास भारी स्टॉक है। ऐसे में ग्राहकों को अपनी पसंद का मॉडल भी मिलने में परेशानी नहीं होगी।

त्योहारी सीजन का अब गणेश चतुर्थी से आगाज हो रहा है। इसके बाद लगातार बाजार में बूम रहेगा। गणेश चतुर्थी से ही वाहनों की भारी बिक्री प्रारंभ होती है। यह ऐसा अवसर रहता है जब ग्राहक किसी भी दिन जाकर वाहन की खरीदी कर लेते हैं। इसके लिए किसी मुहूर्त की जरूरत नहीं होती।

**सबसे ज्यादा बिकेंगी बाइक :** गणेशोत्सव में सबसे ज्यादा बिक्री बाइक की होने का अनुमान है। आटोमोबाइल कारोबारियों के मुताबिक संभावना है कि रोज करीब ढाई से तीन हजार बाइक की बिक्री प्रदेश भर में हो जाएगी। ऐसा होने से प्रदेश में बाइक की ही करीब 30 हजार से ज्यादा बिक्री हो जाएगी।

## जिला पंचायत स्तर के लिए 62 और विकासखंड स्तर के लिए 130 पदों पर भर्ती की जाएगी

# पीएम आवास ग्रामीण में निकले संविदा के 192 पद, जिला और विकासखंड स्तर पर होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए जिला और विकासखंड (जनपद) स्तर पर भर्ती के लिए संविदा के 192 पद निकाले गए हैं। इन पदों के लिए 18 सितंबर तक आवेदन लिए जाएंगे। शर्त ये है कि एक आवेदक एक से अधिक जिलों के लिए आवेदन नहीं भर सकते। जिला पंचायत स्तर के लिए 62 और विकासखंड स्तर के लिए 130 पदों पर भर्ती की जाएगा।

### इन पदों के लिए होगी भर्ती

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत संविदा भर्ती के लिए जिला स्तर पर इन पदों पर भर्ती होगी। जिला समन्वयक, सहायक अभियंता, प्रशिक्षण समन्वयक, सहायक प्रोग्रामर, सहायक ग्रेड 3, लेखापाल और डाटा एंट्री ऑपरेटर। विकासखंड़ स्तर पर विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक और डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर भर्ती की जाएगी।

### इन शर्तों पर होगी भर्ती

हरिभूमि सरोकार

इन पदों पर भर्ती के लिए 22 बिंदुओं के आधार पर शर्तें रखीं गई हैं। बताया गया है कि निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र बंद लिफाफे में केवल पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट से संबंधित जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के नाम से 18 सितंबर तक शाम 5 बजे तक लिए जाएंगे। व्यक्तिगत रूप से सीधे आवेदन अथवा ई-मेल अथवा अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यम से स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निर्धारित समय-सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। आवेदक की आयु न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी छूट संबंधी आदेश,निर्देश संविदा नियुक्ति के लिए लागू होंगे। आयु की गणना 01 सितंबर 2024 के आधार पर की जावेगी।

प्रधान मंत्री आवास योजना
Pradhan Mantri Awas Yojana

### स्थायी जाति प्रमाणपत्र ही होगा मान्य

आवेदकों से सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा। स्थायी जाति प्रमाण पत्र एवं उसके संबंध मे शपथ पत्र देना होगा। आवेदक द्वारा आवेदन हेतु समस्त आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जाना आवश्यक है। आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की स्व-प्रमाणित प्रति संलग्न किया जाना होगा।

### तीन साल के लिए होगी नियुक्ति

यह संविदा नियुक्ति अधिकतम तीन वर्ष के लिये होगी। तत्पश्चात आवश्यकता होने पर कार्य योग्यता, कार्यक्षमता एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि एक वर्ष के लिये निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है। संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी। सेवा समाप्ति पश्चात संविदा अधिकारी कर्मचारी के रूप में दी गई सेवा अवधि हेतु किसी प्रकार की पेंशन, उपादान या मृत्यु-लाभ आदि की पात्रता नहीं होगी। जिले में प्राप्त कुल आवेदन पत्रों का मेरिट आधार पर सूची बद्ध किया जायेगा और उनको कौशल परीक्षा की लिए बुलाया जायेगा तद्धपरांत कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों को जोड़ते हुए अंतिम चयन सूची तैयार किया जावेगा।

### शादी, बच्चे भी शर्तों में शामिल

आवेदक जिनकी दो से अधिक संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हुआ हो, नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा। उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही एक पति,पत्नी जीवित हो, पात्र नहीं होगा। ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है अर्थात यदि शासन को इस बात की समाधान हो जाये कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है।

## खबर संक्षेप

### एकलव्य अतिथि शिक्षकों ने की शिक्षा विभाग में संविलियन की मांग

**रायपुर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर शिक्षा विभाग में संविलयन की मांग की है। उनका कहना है, प्रदेशभर के आदर्श आवासीय एकलव्य विद्यालय में 600 अतिथि शिक्षक 8 से 10 वर्षो से निरतंर सेवा दे रहे हैं, उन्हें भर्ती प्रक्रिया में अनुभव का लाभ नहीं दिया गया। न ही किसी प्रकार की प्राथमिकता दी गई। इससे सैकड़ों अतिथि शिक्षकों के सामने रोजी-रोटी का संकट उठ खड़ा हुआ है। प्रभावित अतिथि शिक्षकों का कहना है कि देश के अन्य राज्यों में अतिथि शिक्षकों को पहले स्थाई किया गया और शेष बचे पदों पर केन्द्र ने भर्ती किया। पर प्रशासन की गलती के चलते एकलव्य अतिथि शिक्षकों का भविष्य अंधकार मय हो गया है। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का फिर बदला मार्ग, अब बीना के रास्ते से पहुंचेगी बिलासपुर

**रायपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास का कार्य विभिन्न मंडलों में किया जा रहा है। अधोसंरचना विकास के लिए उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के अंतर्गत आगरा कैंट-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी सेक्शन के मध्य विभिन्न स्टेशनों में रेल लाइन के विस्तार का कार्य किया जाएगा। इसके चलते 5 से 12 सितंबर को अमृतसर से रवाना होने वाली 18238 अमृतसर – बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया मेरठ सिटी–खुर्जा-मितावली-आगरा फोर्ट-बयाना-सोगरिया-रुठियाई-बीना के रास्ते बिलासपुर पहुंचेगी। 13 से 16 सितंबर को कोरबा से रवाना होने वाली 18237 कोरबा–अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया बीना–रुठियाई-सोगरिया-बयाना-आगरा फोर्ट-मितावली-खुर्जा- मेरठ सिटी के रास्ते अमृतसर पहुंचेगी।

### निगम को सिर्फ एक जोन कार्यालय बनाने मिला फंड, दूसरे के लिए जमीन भी तय नहीं

# वार्डों में सुविधा की बेहतरी के लिए निगम ने बढ़ाए जोन, सामुदायिक भवनों में ही संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर निगम व स्मार्ट सिटी ने मिलकर पांच साल में जन सरोकार के कई काम वार्डों में करवाए हैं, लेकिन सामुदायिक भवनों में विगत पांच साल से चल रही कमिश्नरी अभी तक यथावत है। इससे आउटर के दो वार्ड में लोगों की सुविधा के लिए जिन सामुदायिक भवनों का निर्माण मांगलिक आयोजनों के लिए करवाया गया है, उसमें जोन कार्यालय होने से लोगों को उपयोग के लिए नहीं मिला है। अभी सिर्फ जोन-9 को जी-वन कैटेगरी में दफ्तर बनाने के लिए फंड मिला है। जोन -10 के लिए कार्यालय बनाने जमीन भी तय नहीं है।

हरिभूमि सरोकार

राजधानी की तेजी से बढ़ती निगम की सीमा में जुड़े नए वार्डों में सुविधा को बेहतर किया जा सके, इस लिहाज से शासन के आदेश पर निगम में शामिल वार्डों व जोन का परिसिमन एवं विभाजन पांच साल पहले हुआ। तब आनन-फानन में मोवा थाना के पास वार्ड 9 में शामिल इकलौते सामुदायिक भवन में निगम ने जोन कार्यालय शुरू किया। इसी तरह डॉ.राजेन्द्र प्रसाद वार्ड यानी 52 में सरकारी स्कूल परिसर में स्थित वार्ड के इकलौते सामुदायिक भवन में जोन -10 कार्यालय शुरू किया गया। सूत्रों ने बताया कि नए जोन कार्यालय की शिफ्टिंग के दौरान दो साल में क्षेत्र में सरकारी जमीन का सर्वे करने के बाद जोन कार्यालय बनाने की प्रक्रिया करने का दावा किया गया।अब जल्द ही फिर चुनाव होने वाला है, लेकिन सामुदायिक भवनों से कमिश्नरी को नए भवनों में शिफ्टिंग नहीं हो पाई है। इससे लोगों को मिलने वाली सुविधा अटकी हुई है।





### लोगों को करना होगा इंतजार

मोवा वार्ड क्रमांक 09 की पार्षद द्रौपदी हेमंत पटेल के वार्ड में इकलौते भवन को खाली करवाने के लिए प्रयास किया गया, तो नई सरकार आने से पहले विधानसभा रोड स्थित भिक्षुक पुनर्वास केन्द्र के पास जोन कार्यालय की नई बिल्डिंग बनाने के लिए जगह तय हुई। विधानसभा चुनाव के बाद जोन दफ्तर बनाने के लिए एकर करोड़ रूपए की स्वीकृति मिलने के बाद एजेंसी तय करके निर्माण भी शुरू हुआ है। इसे बनने में अभी समय लगेगा इसलिए वार्ड के लोगों को भवन की सुविधा के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

### जल्द पूरा होगा कार्यालय निर्माण

विधानसभा रोड के पास स्थित भिक्षुक पुनर्वास केन्द्र के पास नए जोन कार्यालय का निर्माण कार्य जारी है। इसे जल्द पूरा करने के लिए एजेंसी को कहा गया है। अभी ढलाई का काम करवाया गया है।

- **संतोष पांडेय,** आयुक्त, जोन-09, नगर निगम, रायपुर

### अभी भवन बनाने प्रस्ताव नहीं

अभी जोन कार्यालय बनाने के लिए प्रस्ताव नहीं है। इसके लिए पूर्व में जमीन तय नहीं हुई थी, इसके चलते आगे की प्रक्रिया नहीं की गई। अधिकारियों का आदेश होने पर आगे प्रयास किया जाएगा।

- **राकेश शर्मा,** आयुक्त, जोन-10, नगर निगम, रायपुर

### कार्यालय बनाने प्रस्ताव भी नहीं

वार्ड 52 की पार्षद संध्या नानू ठाकुर ने अमलीडीह पानी टंकी के पास स्थित सामुदायिक भवन को खाली करवाने कई बार निगम में आवेदन किया है। बताया कि वार्ड में इकलौता सामुदायिक भवन है। इसे हर वर्ग के लोग वैवाहिक व सामाजिक आयोजनों के लिए बुक करते थे। पांच साल पहले वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जोन 10 कार्यालय शिफ्ट करने के बाद सुध नहीं ली गई। इससे अभी तक लोगों की सुविधा के लिए भवन भी वापस नहीं मिला। अधिकारी यहां-वहां जमीन तय करने का भरोसा दिला रहे व प्रस्ताव भी नहीं बनाया है।

### एक करोड़ में बन रही बिल्डिंग

सूत्रों ने बताया कि मोवा में जोन कार्यालय बनाने के लिए जगह तय करने के बाद वहां निर्माण के लिए एजेंसी को मार्च में जिम्मेदारों ने वर्कआर्डर दिया है। इसके लिए शासन से एक करोड़ की मंजूरी मिलने से ड्राइंग-डिजाइन तैयार करवाने के बाद काम शुरू किया गया है। अभी केवल बिल्डिंग निर्माण के लिए फंड मिला है। इसके अलावा परिसर में पार्किंग, स्ट्रीट लाइट, सड़क जैसी कई सुविधाओं के लिए निगम को दोबारा प्लानिंग करनी होगी, चूंकि इन कार्यों के लिए बजट नहीं मिला है। एजेंसी की नई बिल्डिंग का निर्माण जारी है।

## अग्रथान दौड़ 8 को समाज ने टी-शर्ट का किया अनावरण

**रायपुर।** राजधानी में आयोजित होने जा रहे अग्रवाल समाज के अग्रथान का आयोजन 8 सितंबर को किया जाएगा। इस दौड़ में सभी समाज के लोग हिस्सा लेंगे। गुरुवार को आयोजन की टी-शर्ट का अनावरण समाज के सभी पदाधिकारियों के बीच अग्रसेन भवन जवाहर नगर में किया गया। अग्रवाल युवा मंडल के अध्यक्ष राम अग्रवाल ने बताया, इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं पर हो रहे अत्याचार का विरोध करना है। जब सभी समाज मिलकर एकजुट हो जाएंगे, तो निश्चित ही यह समाप्त होगा। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल जी ने बताया कि अग्रवाल समाज हर वर्ष आयोजन करता आ रहा है। प्रचार प्रसार प्रभारी योगेश अग्रवाल व आयुष मुरारका ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट दी जाएगी और विभिन्न वर्गों में लगभग 1 लाख के पुरस्कार प्रतिभागियों को दिए जाएंगे। अनावरण में मुख्य रूप से अग्रवाल सभा के पदाधिकारी महामंत्री मनमोहन अग्रवाल, सहलाकर कैलाश मुरारका, अखिल भारतीय अग्रवाल के अध्यक्ष किशन अग्रवाल, युवा मंडल प्रभारी सुभाष अग्रवाल, संगठन मंत्री योगी अग्रवाल, बिजय अग्रवाल, जयंती प्रभारी मनीष उपस्थित रहे।

### गणेश पंडाल में बिजली चोरी कर जलाई तो होगी एफआईआर

**रायपुर।** शहरभर में गणेशोत्सव की तैयारी जोरों पर चल रही है। लंबे-चौड़े पंडाल बनाए जा रहे हैं। बिजली कंपनी ने गणेशोत्सव समितियों को पत्र लिखकर चेताया है कि उत्सव के दौरान चोरी की बिजली से पंडालों को रोशन न करें, अन्यथा एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। साथ ही ट्रांसफार्मर और लाइन के नीचे पंडाल किसी भी सूरत पर न लगाएं। पंडाल में अस्थायी बिजली कनेक्शन लेना जरूरी होगा। बिजली चोरी करने पर समितियों पर धारा 135 के तहत कार्रवाई की जाएगी। त्योहार को देखते हुए बिजली कंपनी ने समितियों के लिए कई दिशा-निर्देश भी जारी किए है।




## रविशंकर विश्वविद्यालय से सटे दो मंजिला कैफे में आग से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरस्वती नगर थाना क्षेत्र स्थित रविशंकर विश्वविद्यालय के गेट से सटे एक कैफे में दोपहर आग लगने से हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने में कामयाबी हासिल की। आग की चपेट में आने से दो मंजिला कैफे पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आग लगने की वजह गैस सिलेंडर में लीकेज होने की आशंका व्यक्त



की जा रही है। पुलिस के मुताबिक यूनिवर्सिटी के गेट के पास दो मंजिला बंक क्लास कैफे है। कैफे में आग लगने की घोटना दोपहर तीन से साढ़े बजे के बीच की है।

घटना के समय कुछ लोग कैफे के अंदर मौजूद थे। कैफे के अंदर धुंआ निकलते देख वहां उपस्थित लोगों में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। कैफे के अंदर जो लोग थे, वे आनन-फानन में कैफे से बाहर निकले और फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी। फायर ब्रिगेड की टीम के पहुंचने के पहले कैफे पूरी तरह से आग की चपेट में आ गया था और देखते ही देखते कैफे पूरी तरह से जल गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## पेज 9 का शेष

### लंबित प्रकरणों के ...

अपराध नियंत्रण हेतु मुखबीरी व सूत्रों को बनाये रखने, अवैध शराब बिक्री, अवैध मादक पदार्थ गांजा, जुआ, सट्टा एवं अन्य नशीली दवाओं पर सख्त कार्यवाही करने को कहा ताकि अपराधों की रोकथाम की जा सके। उन्होंने मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने, चोरियो एवं अपराधो पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त सुदृढ करने, इस दौरान हाटल, लाज, ढाबा, एटीएम, बैक, बस स्टैण्ड, प्रतिक्षालय एवं संदिग्ध व्यक्तियो कि चेकिंग करने, गस्त को बढ़ाने व लगातार रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। त्रिनयन एप के माध्यम से बेमेतरा जिले के लिए विकसित सीसीटीवी कैमरा का डेटाबेस है जो तेजी से अपराध सुलझाने के लिए पुलिस को सशक्त बनाने, सायबर अपराध पर नियंत्रण हेतु रेंज तथा जिलों में सायबर प्रहरी का प्रचार-प्रसार कर व्हाट्सएप ग्रुप बीट वाईस बनाया गया है उसमें अधिक से अधिक लोगो को जोडकर जन जागरूकता अभियान चलाया जाने निर्देशित किया गया।



## खबर संक्षेप



### भैसों ने दो-दो बछड़ों को दिया जन्म

गुरूर। विकासखण्ड के इतिहास में पहली बार एक ही घर में एक साथ दो भैंसो ने दो–दो बच्चों को जन्म दिया। इसे देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। दोनों भैंसों के चारों बच्चे पूरी तरह स्वस्थ है। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा दोनों भैंसों एवं चारों बच्चों की विशेष देखभाल की जा रही है। मामला ग्राम रमतरा का है, जहां साहू डेयरी फार्म ग्राम रमतरा में दो भैंस ने दो–दो बच्चे को जन्म दिया है। यह जिला बालोद के गुरुर ब्लॉक में पहली बार देखने को मिला, जो ग्राम और आस पास के लिए अजूबा से कम नहीं है, लोग दूर दूर से देखने के लिए यहां पहुंच रहे हैं। यह जानकारी साहू डेयरी फार्म के डारेक्टर भगवान सिंह ने दी। साथ ही खंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीके विश्वकर्मा ने बताया कि उनके द्वारा कृत्रिम गर्भाधान किया गया था, यहां मेरे 15 वर्ष के सेवाकाल में ऐसा पहली बार हुआ है। विभाग दोनों भैंसों एवं चारों बच्चों के स्वास्थ की निगरानी कर रहा है।

### गौशाला में किया गया एफएमडी वैक्सीनेशन

**गुरूर**। राज्य शासन द्वारा 15 अगस्त से चलाए जा रहे वृहद पशु टीकाकरण अभियान के तहत ग्राम चुल्हापथरा स्थित श्री कृष्ण गोपाल गौशाला में एफएमडी वैक्सीनेशन किया गया। सघन एफएमडी वैक्सीनेशन प्रोगाम के तहत पशु चिकित्सक गुरूर डॉ. बीके विश्वकर्मा, एवीएफओ श्रीमती मिश्रा एवं श्रीमती विश्वकर्मा, आशीश साहू, चन्द्राकर टालदार, शिवकुमार साहू, नारायण निषाद, केएल गंजीर, सौपसिंह ठाकुर, संतोश यादव, मुकेश साहू, राजेन्द्र, गौकरण साहू सहित राजनांदगांव पशु चिकित्सालय से प्रशिक्षण के लिए पहुंची 7 छात्राओं ने टीकाकरण किया। चिकित्सकों की टीम द्वारा शिविर लगाकर एफएमडी वैक्सीनेशन, कृमिनाशक, डेटेक्टींग, बीमार पशुओं का इलाज किया गया।

### सेवानिवृति पर कोमल सिंह को ग्रामीणों ने दी विदाई

**गुरूर**। सेवानिवृत प्रधान पाठक कोमल सिंह साहू को ग्राम खुंदनी के ग्रामीणों ने विदाई दी। इस अवसर पर शिक्षक के बीते हुए पल को याद किया गया। उन्होंने अपने शिक्षकीय जीवन में किसी प्रकार की त्रुटि के लिए क्षमा मांगी। ग्राम विकास समिति एवं शाला प्रबंधन समिति खुंदनी द्वारा कोमल सिंह साहू को स्मृति चिन्ह, साल, श्रीफल, डायरी, पेन रामायण भेंट कर सम्मानि किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक कोमल सिंह साहू थे।

पर्व

**महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी पकवानों से तोड़ा अपना व्रत**

# पति की दीर्घायु के लिए तीज पर सुहागिनों ने रखा उपवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

हरितालिका तीज पर्व पर शुक्रवार को सुहागिनों ने उपवास रखकर अपने पति के दीर्घायु की कामना की। त्यौहार मनाने ससुराल से मायके पहुंची सुहागिनों में विशेष उत्साह देखा गया। बारगांव स्थित रामेश्वर मंदिर में शुक्रवार की सुबह महिलाओं ने सफल दांपत्य के लिए शिव-पार्वती की पूजा अर्चना कर तीज व्रत कथा का श्रवण किया। वहीं गांव की अधिकांश महिलाएं सोमनाथ मंदिर जाकर शिवजी की पूजा अर्चना कर पति के दीर्घायु की कामना की।

तीज पर्व का छत्तीसगढ़ में विशेष महत्व होता है। इस पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए महिलाएं अपने मायके में ही रहकर उपवास रखा। व्रतियों ने नई साड़ी व विविध आभूषणों से सजने के साथ-साथ हाथों में विविध आकृति के मेहंदी लगवाते नजर आए। साथ ही विविध प्रकार के व्यंजन पकवान भी बनाए गए।

शाम होते-होते सुहागिनों ने गणेश व शिव-पार्वती की पूजा आराधना के साथ-साथ अपने पति की आरती उतारकर उनसे आशीर्वाद लिया। महिलाओं का मानना है कि इस त्यौहार में उपवास का विशेष महत्व होता है। उपवास के माध्यम से एक ओर जहां ईश्वर से सुहाग के दीर्घायु होने की कामना की गई, वहीं सुखद दाम्पत्य जीवन के लिए भगवान से विनती की गई। उपवास व पूजा अर्चना के बाद महिलाओं ने फ़लाहार व छत्तीसगढ़ी पकवानों से अपना व्रत तोड़ा। देर रात तक महिलाओं द्वारा जागरण कर भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया।



### महिलाएं निराहार निर्जल उपवास कर शिवजी की आराधना में रही लीन



**बेमेतरा।** शहर सहित पूरे जिले में शुक्रवार को महिलाओं ने हरितालिका तीज पर्व श्रद्धाभाव से मनाया । युवतियां और महिलाएं निराहार निर्जल उपवास कर शिवजी की आराधना में लीन रहीं। भादों मास की शुक्ल पक्ष तृतीया को हरतालिका तीज मनाया जाता है। इस दिन शिव पार्वती की आराधना का विशेष महत्व होने के साथ-साथ महादेव के पूजन का अति विशिष्ट महत्व माना जाता है। तीज पर्व को लेकर महिलाएं पूरे दिन और रात में निराहार निर्जल व्रत कर शिव की आराधना में मग्न रहीं। रात्रि में महिलाओं द्वारा जागरण भी किया गया। युवतियां शिव समान वर प्राप्ति के लिए और महिलाएं पति दीघायु, स्वास्थ्य और पारिवारिक संपन्नता के लिए यह व्रत व आराधना करती हैं। मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव के वरण की कामना से अपने पिता के यहां अन्न-जल त्याग कर व्रत किया था। उनकी तपस्या से शिव प्रसन्न हुए। पार्वती ने उनका वरण किया तभी से हरितालिका तीज की परम्परा चली आ रही है। और महिलाएं, युवतियां हरितालिका का व्रत पूरी श्रद्धा भाव से करती है ।

### बचपन की सहेलियों से मिलने का उल्लास

तीज पर्व में मायके पहुंची तरुणा वर्मा ने कहा कि अपने बचपन की सहेलियों से मिलने का उल्लास रहा। पूजा-अर्चना के बाद एक दूसरे से सुख-दुख की बाते की जाती रही। खास कर शादी के बाद पहली बार मायके पहुंची बेटिया में पर्व को लेकर अधिक उत्साह रहा। पर्व में सुहागिनों के अलावा कुंवारियों ने भी सुयोग्य वर प्राप्ति के लिए उपवास रखकर व्रत किया।

### तीजा पर ठेठरी, खुर्मी का चखा स्वाद

पर्व में विशेषकर ठेठरी, खुर्मी, कुसली, चौसेला, गुजहा, सोहारी, अइरसा रोटी बनाई गई। बेटियां जब अपने मायके से वापस ससुराल जाएंगी तब विभिन्न शगुन के साथ तीजा रोटी ठेठरी खुर्मी देकर विदा किया जाता है।

## शिक्षक ब्रम्हा, विष्णु और महेश के समान पूज्यनीय : महंत सुरेन्द्र दास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

समाज में शिक्षक का स्थान ऊंचा है, इसलिए शिक्षक को ब्रम्हा, विष्णु और महेश के समान कहा गया है। शिक्षकों का सदैव सम्मान करें। उनके बताए रास्तों पर चलने से जीवन सफल हो जाता है। उक्त बातें नगर के प्राचीन श्रीरामकृष्ण मंदिर के महंत सुरेंद्र दास वैष्णव ने राममंदिर प्रांगण में शिक्षक दिवस पर आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में कही।

श्री महंत ने कहा कि शिक्षकों के परिवेश में समय के अनुसार अंतर आया है, पर कार्य वही है। नगर के राममंदिर में शिवशक्ति यज्ञ समिति एवं श्री रामकृष्ण मंदिर प्रबंधन समिति के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि महंत सुरेंद्र दास वैष्णव थे। अध्यक्षता संतोष खुराना संघचालक ने की। विशिष्ठ अतिथि के रूप में भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी एवं रामनाथ ध्रुव उपस्थित थे। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षक से हमें शिक्षा और संस्कार दोनों मिलते हैं। आज अच्छी शिक्षा और संस्कार के कारण हम इस जगह पर है हमें हमेशा अपने शिक्षको का आदर करना चाहिए। कार्यक्रम को सेवानिवृत्त शिक्षक ओंकार प्रसाद प्यासी, जेजी गोस्वामी और बालक शाला प्राचार्य सिलोचन साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जे चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष मिंटू बिसेन, बबलू ताम्रकार, लक्ष्मीचंद जैन, राजा खुराना, रामनारायण पाठक, खेलन यादव, लखन साहू उपस्थित थे।

### इन शिक्षक शिक्षकाओ का किया गया सम्मान

सेवानिवृत्त शिक्षक ओंकार प्रसाद प्यासी, जेजी गोस्वामी, सालिक राम श्रीवास्तव के साथ सिलोचन साहू, दीपचंद देवांगन, हेमकांत यादव, मिलाप साहू, कुमार वर्मा, शशिकुमार तिवारी, लोकेश्वर साहू, दिब्यम शुक्ला, संतोष देवांगन, दिलीप जायसवाल, युगल किशोर श्रीवास्तव, सुशीला सोनी, श्रद्धा शुक्ला, ज्योति नागरे, नीता पाइक, रजनी नायर, सुनैना देवी का सम्मान किया गया।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में 12 से वजन त्यौहार शुरू

## महिला एवं बाल विकास विभाग ने जारी किए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



आगामी 12 सितंबर से वजन त्यौहार शुरू हो रहा है, जो 23 सितंबर तक चलेगा। ज़िले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 12 दिन तक चलने वाले इस वजन त्यौहार में 0 से 5 वर्ष से कम बच्चों का वजन कर कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाएगा। उनके कुपोषण स्तर की का जांच की जाएगी। इसके साथ ही बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों में पूरक पोषण आहार वितरण करने के साथी पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

इस दौरान जन-जन को कुपोषण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ प्रत्येक परिवार को उनके बच्चों को सही पोषण के संबंध में जानकारी दी जाएगी। कुपोषण को दूर करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ कितने बच्चों को मिल रहा है और कितने बच्चे कुपोषण से निजात पा चुके हैं उसका भी पता चलेगा। छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय, महानदी भवन,रायपुर द्वारा आज सभी कलेक्टरों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। वजन त्यौहार का आयोजन कलस्टर पर किया जाएगा। प्रत्येक कलस्टर में वजन त्यौहार के लिए विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, पर्यवेक्षक की डयूटी भी लगाई जाएगी।

आयोजित होने वाले वजन त्यौहार में आयु व वजन के साथ-साथ बच्चों की ऊंचाई तथा बच्चे की निःशक्तता संबंधी जानकारी भी संकलित की जायेगी। वजन त्यौहार के अवसर पर प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र हेतु ग्राम स्तरीय, वार्ड स्तरीय दल का गठन किया जाएगा एवं समुदाय के समक्ष आंगनबाड़ी, ग्राम, नगरीय क्षेत्र के सभी सर्वेक्षित बच्चे का वजन लेकर पोषण स्तर का मापन किया जाएगा। इस हेतु ऑनलाइन साफ्टवेयर से वजन की जानकारी भरकर सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही पोषण स्तर ज्ञात किया जायेगा। आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज बच्चों के अलावा वजन त्यौहार आयोजन के समय बाहर से आए बच्चे भी वजन लेने से वंचित न रहे यह भी सुनिश्चित किया जाएगा।

कुपोषण की सही स्थिति को जानकर प्रत्येक बच्चे की जानकारी सॉफ्टवेयर में दर्ज कर कुपोषित बच्चों की स्थिति का डाटाबेस तैयार किया जाएगा। कुपोषण विषय पर जनजागरूकता में वृद्धि लाने के लिए विशेष कार्य किए जायेंगे। राज्य के प्रत्येक केन्द्र, ग्राम पंचायत, विकासखंड में पृथक-पृथक कुपोषण की वर्तमान स्थिति की जानकारी तैयार करते हुए कुपोषण कम करने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। कुपोषण की रोकथाम के लिए संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु बेसलाईन सर्वे एवं लक्षित बच्चों का चिन्हांकन किया जाएगा। किशोरी बालिकाओं के एनिमिया के स्तर में सुधार लाने तथा एनीमिया के स्तर का आंकलन किया जाएगा।

# शिक्षक व छात्रों ने ली स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शासकीय प्राथमिक विद्यालय डीहपारा बासीन संकुल विकासखण्ड साजा में शिक्षकों व बच्चों ने स्वच्छता की शपथ ली। अपने शपथ में बच्चों ने कहा कि हम अपने विद्यालय, गांव गली घर को साफ सुथरा व स्वच्छ रखेंगे। लोगों को रैली के माध्यम से जागरूक कचरे को उचित स्थान पर डंप करेंगे। गंदगी से प्रभावित होकर कोई भी बीमार न हो। स्वच्छता पखवाड़ा के तीसरे दिवस स्वच्छता रैली निकाल कर समुदाय को जागरूक किया गया। शाला के भोजन कक्ष की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। साथ ही उल्लास नवभारत के अंतर्गत साक्षरता का प्रचार प्रसार भी किया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक गोपी चरण साहू, सीमा रानी देवांगन सफाई कर्मचारी पुन्नी लाल ठाकुर, रसोइया रेखा बाई, जमुना ठाकुर, शाला समिति के सदस्य शाला के बच्चे उपस्थित थे।

### छात्रों ने किया गुरुजनों का सम्मान



**बेमेतरा।** आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में छात्राओं द्वारा शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। छात्राओं द्वारा सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया। दीपिका सेन ने गुरु वंदना द्वारा एवं शाला नायिका डॉली रजक व साथियों ने समूह नृत्य के द्वारा शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। प्राचार्य कविता बचपेयी ने आयोजन के लिए समस्त छात्राओं को धन्यवाद दिया। शिक्षक दिवस की महत्ता स्पष्ट करते हुए उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा मानक क्लब द्वारा आयोजित लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त योगिता साहू दसवीं, द्वितीय स्थान प्राप्त मानसी साहू 11वीं व तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को क्रमशः 1000, 750 व 500 रुपए व प्रमाण पत्र प्रदत्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉली रजक और आभार प्रदर्शन त्रिशा देवांगन ने किया।

### जीवन जीने की सीख देते हैं गुरु



**बेमेतरा।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया, जहां सर्वप्रथम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए उनके चित्र की पूजा अर्चना की। फिर सभी छात्रों ने शिक्षकों का स्वागत करते हुए तिलक लगाकर सम्मान किया। छात्र- छात्रों ने गुलाल का तिलक करते हुए नारियल भेंट कर गुरुजनों का आशीर्वाद लिए। सांस्कृतिक सचिव अतुल वर्मा ने सम्मान करते हुए शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा गुरु वह है जो ज्ञान देता है, इसलिए गुरु का स्थान भगवान से भी बढ़कर है। शाला नायक महेंद्र सोनवानी ने कहा डॉ. राधाकृष्ण भारत के उपराष्ट्रपति भी रहे। उप शाला नायक ने बताया एक दूसरे का सम्मान करना और अपने देश से प्रेम करना गुरु से ही सीखने को मिलता है। जीवन हमारे माता- पिता से मिलता है और जीवन जीना गुरू सिखातें हैं। वहीं शिक्षकों का सम्मान करते हुए इस मौके पर सभी छात्रों की ओर से सभी गुरुओं से केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया। इसमें प्राचार्य संतराम साहू, सीपी बंजारे, मनोज बक्शी सीआर ठाकुर, टीडी जांगड़े, उमा जोशी, मीरी धीवर, मनमोहन अग्रवाल, मन्नेंद्र साहू, धर्मेंद्र शर्मा, राजेंद्र साहू, गीतेश देवांगन, रामचंद्र धीवर, नंदलाल रात्रे, सुनील बघेल, गजेंद्र, महेश्वर साहू, नागेंद्र सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की गई जान

**अंडा।** दुर्ग से बालोद रोड पर थाना अंडा क्षेत्र के अंतर्गत अटल चौक में 6 सिंतम्बर के सुबह 8 बजे अज्ञात वाहन ने पैदल चल रहे युवक को अपने चपेट में ले लिया। घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। युवक को वाहन ने पूरा अपने कब्जे में ले लिया था, जिससे शरीर क्षत- विक्षत हो गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना आरंभ कर दी है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है। थाना अंडा प्रभारी डा. भानुप्रताप साव के मार्गदर्शन से एस आई सुन्दर लाल नेताम घटनास्थल में पहुंचकर शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए दुर्ग भेजा। बताया जा रहा है कि ग्राम चिंगरी निवासी सुर्यकांत सूर्यवंशी पिता महेश सूर्यवंशी उम्र 40 वर्ष अपने घर से सुबह घूमने के लिए निकला था। उसके दादा का 6 सिंतबर को दशगात्र कार्यक्रम था।






# सेंट्रल जीएसटी की विनय एजेंसी में दबिश, 10 घंटे से अधिक दुकान व गोदाम के दस्तावेज खंगाले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर की विनय एजेंसी पर जीएसटी की टीम के छापे से पूरे व्यापारिक क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। गुरुवार को रायपुर और दिल्ली से आए जीएसटी अधिकारियों की टीम ने पान मसाला के होलसेल व्यापारी की विनय एजेंसी में छापामारी की। टीम ने दोपहर 1 बजे दबिश दी।

■ व्यापारियों में हड़कंप, कुछ के भूमिगत होने की चर्चा

उसके बाद 10 घंटे से अधिक देर रात कार्रवाई होने की चर्चा रही। अधिकारियों ने दुकान और गोदाम के दस्तावेजों की सूक्ष्म जांच की। टीम के अधिकारियों ने कार्रवाई के बारे में अधिकृत जानकारी देने से इनकार किया। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई जीएसटी की लाखों-करोड़ों की हेराफेरी की शिकायतों के बाद की गई। छापे की खबर के बाद कुछ व्यापारी अपनी दुकानों के शटर बंद कर भूमिगत हो गए। हालांकि कुछ लोग इसे इनकम टैक्स का छापा मान रहे थे। लेकिन अधिकारी इस पर आधिकारिक पुष्टि नहीं कर रहे हैं। दल्लीराजहरा पान मसाला होलसेल व्यापारी विनय एजेंसी में जीएसटी के छापे के बाद दल्लीराजहरा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। जानकारी के अनुसार लगभग 14 से 16 सदसयीय टीम पहुंची और छापा मारा। अधिकारियों ने शटर बंद कर दुकान व गोदाम के दस्तावेज सब अपने कब्जे ले लिया। उसके बाद सूक्ष्म जांच शुरू की।

### जानकारी देने से किया इनकार

छापेमारी के दौरान व बाद में दबिश देने के कारणों सहित अन्य जानकारी के लिए अधिकारियों से संपर्क किया गया। अधिकारियों ने जानकारी देने से इनकार किया। किसी भी बात का जवाब नहीं दिया। उसके बाद चले गए। हालांकि दिनभर छापे को लेकर चर्चा रही। लोग अपने- अपने आंकलन लगाते रहे। पुलिस अफसरों ने भी इस संबंध में कुछ भी नहीं कहा।

### पुलिस अफसरों को थी जानकारी, पर बल नहीं लिया

नगर पुलिस अधीक्षक चित्रा वर्मा और थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने बताया कि उन्हें इस छापे के बारे में जानकारी है। लेकिन पुलिस बल की आवश्यकता नहीं होने के कारण वे इस पर कोई विस्तृत जानकारी नहीं दे पाए।